an>

Title: Need to initiate steps for creation of a new state of Poorvanchal.

श्री हरिनरायन राजभर (घोसी) : मान्यवर, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से कहना चाहूँगा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश को पूर्वांचल राज्य के तौर पर स्थापित करने की मांग पहले से ही बार-बार उठती आ रही है क्योंकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मुकाबले पूर्वी उत्तर प्रदेश बहुत पिछड़ा हुआ है। उत्तर प्रदेश की जो भी सरकारें हुई, उन्होंने पूर्वांचल के विकास को नज़रंदाज़ किया। इससे पूर्वांचल की जनता किसी न किसी रूप में पूर्वांचल राज्य बनाने की मांग करती आ रही है। क्या भारत सरकार के संज्ञान में यह है कि पूर्वांचल राज्य बनाया जाएगा? यदि है, तो यह कब तक बनेगा?